# डिप्टी रेंजर की सड़क हादसे में मौत पर हत्या का खुलासा : आरोपी ने पुरानी रंजिश पर बोलेरो वाहन से कुचलकर की थी हत्या

## धरमजयगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया मामले का पटाक्षेप, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में डिप्टी रेंजर संजय तिवारी की आकस्मिक मौत की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी जिसकी जांच पर मामला पुरानी रंजिश पर आरोपित बसंत यादव द्वारा सुनियोजित तरीके से वाहन से कुचलकर हत्या का सामने आया है। धरमजयगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का पटाक्षेप कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 16/05/2024 के दोपहर करीब 03.00 बजे धरमजयगढ़ मेन रोड़ कृषि उपज मंडी के पास एक अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से हीरो ग्लैमर बाइक में सवार सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी (Deputy Ranger) संजय तिवारी पिता गोकुल प्रसाद तिवारी उम्र 53 वर्ष निवासी काष्टागर फॉरेस्ट कॉलोनी धरमजयगढ़ को गंभीर चोंटे आयी थी जिन्हें सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत बताया। थाना धरमजयगढ़ में मर्ग पश्चात अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 137/2024 धारा 304 ए आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान प्रत्यक्षदर्शी गवाहों एवं सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात बोलेरो वाहन का पता लगाया गया जिसमें बोलेरो क्रमांक CG 13 UE 0377 द्वारा घटना कारित करने के साक्ष्य मिले। पुलिस टीम तत्काल ग्राम बेहरापारा में दबिश देकर वाहन के चालक आरोपी बसंत कुमार यादव को हिरासत में लिया गया। आरोपित बसंत कुमार यादव का पूर्व से मृतक संजय तिवारी से रंजिश थी। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी द्वारा धरमजयगढ़ पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच का निर्देश दिया गया। जांच अधिकारी द्वारा आरोपी बसंत यादव से वैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ करने पर आरोपी ने पुरानी रंजिश पर संजय तिवारी को बोलेरो वाहन से कुचल कर हत्या करना बताया।




आरोपी बसंत कुमार यादव पिता बालमुकुंद यादव उम्र 50 साल निवासी बेहरापारा थाना धरमजयगढ़ ने अपने मेमोरेंडम बयान पर बताया कि उसकी पूर्व से संजय तिवारी से झगड़ा विवाद चला आ रहा था। उसने संजय तिवारी की हत्या की साजिश रच कर मौका की तलाश पर था। 16 मई के दोपहर बसंत यादव बोलेरो वाहन CG 13 UE 0377 से नागदरहा जा रहा था। उसी समय उसने मोटरसाइकिल हिरो ग्लैमर पर संजय तिवारी को धरमजयगढ़ की ओर से आते देखा। तब इसने बोलेरो को मोड़कर संजय तिवारी का पीछा किया और कृषि उपज मंडी के पास संजय तिवारी के बाइक को बोलेरो वाहन से ठोकर मारा जिससे संजय तिवारी रोड में गिर गया। इसने वाहन के साइड ग्लास से संजय को देखा जिसे ज्यादा चोंटे नहीं आई थी। तब बसंत यादव ने गाड़ी को बैक कर संजय तिवारी के गाड़ी के पीछे से ठोंकर मारा जिससे संजय तिवारी के सिर, माथे में गंभीर चोटें आई और आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण में धारा 304 ए आईपीसी हटाकर आरोपी द्वारा हत्या कारित करना पाए जाने पर धारा 302 आईपीसी विस्तारित कर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन एवं वाहन के दस्तावेज जप्त किए गए हैं। आरोपी को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सतत पर्यवेक्षण में हत्या के मामले का 24 घंटे के भीतर पटाक्षेप में चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक मनीष कांत, सहायक उप निरीक्षक डेविड टोप्पो, अमृत मिंज, आरक्षक संतलाल पटेल और विजय राठिया की विशेष भूमिका रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बैठक 22 मई को

**रायगढ़।** आगामी मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में 22 मई 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। जिसमें बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विषय पर चर्चा की जाएगी।

### 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से

**इच्छुक खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग में करा सकते है पंजीयन**

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय रायगढ़ में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 21 दिवसीय आयोजन 20 मई से 9 जून 2024 के मध्य सुबह 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5 से 7 बजे तक रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में किया जाएगा। खेल प्रशिक्षण शिविर में बास्केट बाल, फुटबाल, ताइक्वांडो, वालीबॉल, तीरंदाजी, स्कैटिंग एवं क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेल प्रशिक्षण शिविर केवल जूनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाडय़ों के लिए होगा। खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण, खेल संघ, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ में अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 97707-52697 एवं 81091-38905 में संपर्क कर सकते है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक खिलाडिय़ों को खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री तथा पानी बॉटल अपने साथ लाना होगा।

### गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्व

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-02 रायगढ़ (अजजा)अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमयगढ़ की मतगणना केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया रायगढ़ में 4 जून 2024 को प्रात: 8 बजे से की जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 47 एवं निर्वाचनों का संचालन नियम 1951 के नियम 52 के अनुसार गणन अभिकर्ता की नियुक्ति किया जाना है। रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्ररूप-18 को 2 प्रतियों में गणन अभिकर्ता के फोटो सहित गणना के 3 दिन पूर्व तक स्वयं अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा जमा किए जाने हेतु न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 2 में निर्धारित की गई है। प्ररूप-18 प्राप्त करने तथा गणन अभिकर्ता की नियुक्ति किए जाने हेतु कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। इनमें आलोक स्वर्णकार-सहा.परि.समन्वयक, रा.गां.शि.मि.रायगढ़ मोबा.नं.83196-37180, सत्येन्द्र मेहर-सहायक ग्रेड-2 मोबा. नं.98271-71098, विजय कुमार सरकार सहायक ग्रेड-2 मोबा. नं.98279-69977, आनंद ठेठवार सहायक ग्रेड-3 मोबा. नं.78691-22550, नेत्रानंद चौहान सहायक ग्रेड-3 मोबा. नं.78982-61559, निमन खलखो मोबा. नं.94241-83575, विकास मानिकपुरी मोबा. नं.87707-55274, जगतराम मौर्य मोबा नं.70247-82075 एवं दयाराम सिदार मोबा. नं.62654-49698 शामिल है।

## अवैध शराब पर छापेमारी : ग्राम तेलीकोट में पुलिस ने महुआ शराब बना रहे युवक को पकड़ा

- आरोपी से 9 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के पात्र जब्त
- आरोपित पर चौकी खरसिया में आबकारी एक्ट की कार्रवाई

**रायगढ़**

अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में आज भी खरसिया क्षेत्र में थाना खरसिया व चौकी खरसिया पुलिस की कार्यवाही जारी रही। थाना खरसिया की टीम द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में ग्राम छोटे देवगांव में शराब रेड कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी को पकड़ा गया। वहीं चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में चौकी खरसिया पुलिस की टीम द्वारा आज सुबह ग्राम तेलीकोट में रहने वाले रवि भारती द्वारा घर के पीछे अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रवि भारती को पुलिस ने



शराब बनाते हुए मौके पर पकड़ा। आरोपी रवि भारती पिता स्वर्गीय राजू भारती उम्र 30 साल निवासी तेलीकोट खरसिया के कब्जे से तैयार 09 लीटर महुआ शराब कीमती रु.900 तथा 02 नग अल्युमिनियम बर्तन (डेचकी) पाईप लगा हुआ कीमती करीब रु.3000 तथा 01 अल्युमिनियम बर्तन (डेचकी) कीमती करीब रु.1000 का जप्त किया गया है। आरोपी से 09 लीटर अवैध महु शराब व शराब बनाने के पात्र कुल कीमत रु.4,900 की जप्ती कर आरोपी रवि भारती पर पुलिस चौकी खरसिया (थाना खरसिया) में आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग, प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्री, अशोक देवांगन, आरक्षक साविल चंद्रा, सोहन यादव और महिला आरक्षक रंजीता चौहान शामिल थी।

## रायगढ़ स्टेडियम में जल्द प्रारंभ होगा ओपन बैडमिंटन एवं बॉक्स क्रिकेट

**रायगढ़**




रायगढ़ स्टेडियम के खेल सुविधाओं में दो और उपलब्धि जुडऩे जा रहा है। रायगढ़ स्टेडियम के अंदर वर्तमान में दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट मौजूद है परंतु खिलाडिय़ों की संख्या ज्यादा होने के कारण यहां और बैडमिंटन कोर्ट की मांग खिलाडिय़ों द्वारा की जा रही थी, जिसके फलस्वरूप रायगढ़ स्टेडियम के स्विमिंग पुल के पास दो ओपन बैडमिंटन कोर्ट लगभग बनकर तैयार हो चुका है साथ ही बास्केट बॉल ग्राउण्ड के पास बॉक्स क्रिकेट भी तैयार हो चुका है। जल्द ही दोनों खेल विधा के खिलाड़ी निर्धारित समय में यहां अभ्यास कर सकेंगें।

## बिना अनुमति बोर खनन कर रही दो गाड़ियां जब्त

- पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में हो रहा था अवैध खनन
- 10 मई से 15 जुलाई तक बिना पूर्वानुमति के बोर खनन पर है प्रतिबंध

**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में बोर खनन पर 10 मई से 15 जुलाई तक कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस अवधि में बोर खनन करने के लिए संबंधित एसडीएम से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है, बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्यवाही किया जाएगा। इसी क्रम में पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन कर रही दो गाड़ियों को आज एसडीएम रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा जप्त किया गया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने बताया कि तहसील पुसौर के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन किया जा रहा था। मौके में सालिकराम बोर वेल बसना जिला महासमुन्द छ.ग. के द्वारा ग्राम त्रिभौना तहसील पुसौर के बंशीधर प्रधान को अपना ट्रक कमांक CG 04 CP 3972 एवं सहायक ट्रक कमांक TN 28 AS 1902 को किराये में दिया जाना ज्ञात हुआ। उक्त दोनो बोर वेल यंत्र को मौके में मोहरमती सिदार के भूमि में बोर खनन करते पाया गया है। मौके में किसान तथा बोर वेल संचालक के द्वारा बोर खनन के संबंध में किसी प्रकार के अनुमति संबंधी दस्तावेज उलब्ध नही होना बताये जाने पर उक्त दोनो ट्रक/बोर वेल यंत्र को थाना पुसौर के सुपुर्द में सौपा गया। जिसपर नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को भेजा गया।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस : स्क्रीनिंग कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी सहित जनसामान्य ने लिया स्वास्थ्य लाभ, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

रायगढ़। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन सार्वजनिक एवं शासकीय कार्यालयों में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी सहित जनसामान्य ने कैंप में आकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इसी कड़ी में जिला पंचायत में आयोजित स्क्रीनिंग कैम्प में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने अपना बीपी एवं शुगर जांच कराया। साथ ही कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित डीईआईसी जतन केन्द्र में कुल 90 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। साथ ही जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट कार्यालय एवं जिला एवं सत्र न्यायालय में भी प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टोरेट एवं जिला न्यायालय के अधिवक्तागण, अधिकारी-कर्मचारियों सहित आसपास के स्थानीय नागरिकों सहित 130 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों के रोकथाम से संबंधी जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह बीमारी के संबंध में तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हाईपरटेंशन किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। हाई ब्लडप्रेशर या हाईपरटेंशन का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरूषों में होता है। इसके अलग-अलग कारण हो सकते है जैसे फैमिली हिस्ट्री, तनाव, गलत खान-पान और अनियमित दिनचर्या आदि। इससे बचने के लिए न केवल डाईट और लाईफ स्टाईल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि हाईपरटेशन के लक्षणों का पहचानना थोड़ा मुश्किल हो सकता है लेकिन इसके बावजूद कुछ ऐसे संकेत है जिनके द्वारा उच्च रक्तचाप की समस्या को देखा जा सकता है-जैसे अत्यधिक सर दर्द होना, छाती में दर्द होना, स्पष्ट दिखाई न देना, बेचैनी या घबराहट होना, सांस फूलना व थकान महसूस होना है। सीएमएचओ ने जिले के लोगों से अपील किया है कि जिन लोगों को उपरोक्त प्रकार के लक्षण हो वे निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच करा सकते है तथा चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर चिकित्सक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन अवश्य करें।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा आज

- जिले के 4 केन्द्रों में होगी परीक्षा, 1526 विद्यार्थी होंगे सम्मिलित

**रायगढ़**

राज्य स्तरीय, आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान द्वारा संचालित रायगढ़ जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई 2024 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के 4 केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चोढ़ा वि.ख.खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी वि.खं. धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय धरमजयगढ़ में किया गया है। जिसमें कुल 1526 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा के लिए जिला नोडल अधिकारी महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रेक्षक तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। साथ ही परीक्षा केन्द्रों में सुव्यवस्थित आयोजन संबंधी वांछित समस्त प्रयोजनों की तैयारी हेतु एवं परीक्षा के सुचारू संचालन की संपूर्ण व्यवस्था हेतु एकलव्य के प्राचार्यों को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# समर कैम्प में होंगे तीन विशेष आयोजन : 20 से 30 मई तक होगी अलग-अलग गतिविधियां

- बच्चों को दिखाई जाएगी प्रेरणादायक फिल्म, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सहित प्राइवेट संस्थानों का कराया जाएगा भ्रमण
- कैरियर गाइडेंस के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की सटीक तैयारियों के लिए मिलेंगे टिप्स

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में तीन दिवसीय विशेष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो वर्तमान में 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश प्रभावी है, इस दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर बहुमुखी विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियां अपने स्कूल, संकुल स्तर या गांव/शहर के सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किया जाना है।

जिले रायगढ़ में होने वाले समर कैंप के दौरान जिला, विकासखण्ड एवं स्कूल स्तर स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रथम विशेष आयोजन में प्रेरणादायक फिल्म दिखाई जाएगी। विशेष समर कैंप के द्वितीय विशेष आयोजन के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जिले में अवस्थित स्टील प्लांट्स, रेलवे स्टेशन, बैंक, एटीएम, पोस्ट ऑफिस जैसी सरकारी, अर्ध सरकारी सहित प्राइवेट लिमिटेड संस्थानों का एक्सपोजर विजिट कराते हुए इन विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जाएगा। तीसरे विशेष आयोजन समर कैंप में कैरियर गाइडेंस का आयोजन सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में किया जाएगा। कैरियर गाइडेंस का जिला स्तरीय कार्यक्रम सृजन सभा कक्ष में आयोजित किया जायेगा। जिसके अंतर्गत प्रोफेशनल कैरियर काउंसलर द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कैरियर काउंसलिंग दी जाएगी। जिसमें आगामी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सटीक तैयारियों, विभिन्न परीक्षाओं के अंतर्गत आने वाले विषयों के सही चयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा




विदित हो कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के सभी स्कूलों को 09 दिवसीय तिथिवार कार्यक्रम 20 से 30 मई 2024 तक समर कैम्प को आयोजित कराने की सम्पूर्ण जवाबदेही संकुल प्राचार्य एवं संबंधित संकुल के सीएसी को दी गई थी, इसमें समर कैंप के दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों जैसे चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध लेखन, गणित से जुड़ी मनोरंजक गतिविधियों, पहाड़ा याद कराना, कहानी लेखन, हस्त लिपि लेखन (हिंदी एवं अंग्रेजी), कर्सिव राइटिंग, नृत्य, इंडोर गेम जैसे चेस, चाइनीस चेकर,इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, मिट्टी के खिलौने बनाना, कागज से फूल बनाना, योगा, प्राणायाम, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, अपने गांव शहर के ऐतिहासिक स्थलों से परिचय जैसे गतिविधियों के साथ-साथ अपने स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों का चयन करते हुए आयोजन किये जाने के निर्देश सभी स्कूलों को जारी किये गये है।

### खरसिया के संकुलों में आयोजित हो रहा है समर कैम्प

## चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी, नृत्य, खेलकूद सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा बच्चों को

**रायगढ़**

विकास खण्ड खरसिया में ग्रीष्म अवकाश के दौरान सभी विद्यालयों में समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकास खण्ड-खरसिया के संकुल केंद्र रॉबर्टसन, पामगढ़ एवं छोटे पंडरमुड़ा में समर कैंप का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा है। सुबह 7 से 9.30 बजे तक आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं के लिये चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी, नृत्य, खेलकूद सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं शिक्षकों के सहयोग से आयोजित किये जा रहे हैं। समर कैंप में विद्यार्थी रुचि अनुरूप चित्रकारी, संगीत



वादन-गायन एवं लाइफ स्किल सीख रहे हैं। जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला,जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार चौधरी, सहायक परियोजना समन्वयक भुवनेश्वर पटेल एवं ब्लॉक लेवल पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेश देवांगन, बीआरसी प्रदीप साहू के द्वारा समर कैंप की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

संकुल केंद्र पामगढ़ में आयोजित समर कैंप के मॉनिटरिंग के दौरान पहुंचे बीआरसी प्रदीप साहू ने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को उभारना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इस कैंप में दूसरे स्कूल के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। इस शिविर में बच्चों को कई प्रकार की गतिविधियों के तहत नई चीजे सीखने का अवसर मिलेगा। बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रवृत्ति से जोड़े रखने, आसपास की परिवेश का ज्ञान, स्थानीय त्यौहार, खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सतत सीखने की प्रवृत्ति को बनाये रखने के लिए राज्य शासन के द्वारा प्रारम्भ की गई अभिनव पहल है। समर कैंप का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिले इसके लिए सभी शिक्षक, अधिकारी प्रयासरत हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480